नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) - प्रतियोगिताएं

किसी नगर में अधिकतम तीन प्रकार के नराकास का गठन हो सकता है - केंद्र सरकारी कार्यालयों का नराकास, बैंकों का नराकास और उपक्रमों का नराकास । कोचीन शिपयार्ड एक उपक्रम होने के नाते यह उपक्रमों के नराकास (बीएसएनएल, कोच्ची) का एक सदस्य है । कोचीन शिपयार्ड सक्रिय रूप से नराकास के साथ अपना सहयोग प्रदान करता आ रहा है ।

नराकास द्वारा हर वर्ष सितंबर/अक्तूबर महीने में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु हिंदी पखवाडा समारोह मनाया जाता है। अपने अधीस्थ सभी सदस्य कार्यालयों के सभी कर्मचारियों केलिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। सभी सदस्य कार्यालयों के प्रतिभागी बड़े उमंग एवं जोश के साथ इन प्रतियोगिताओं के भाग लेते हैं। इस अवसर पर कंपनी की ओर से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों को नामित किया जाता है। अधिक पुरस्कृत कर्मचारियों एवं उनके कार्यालयों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी नराकास द्वारा प्रदान किया जाता है ।

इस सिलसिले में पुरस्कृत कर्मचारियों को और अधिक प्रोत्साहन देने हेतु कंपनी की ओर से भी नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है, जो निम्नानुसार है :

क्र.सं.	श्रेणी	नकद पुरस्कार
1.	सभी विजेता प्रतिभागीगण	1000/-
2.	सभी प्रतिभागीगण	500 /-